नईदुनिया

इंदौर में 1015 किग्रा नकली घी जब्त, 'सांची' के नाम से बेच रहे थे इसको

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर(Indore News)। एक ओर इंदौर शहर में प्रशासन और जनप्रतिनिधि शहर में अच्छे खानपान को लेकर लोगों को अच्छी सेहत के लिए सलाह देते रहते हैं, जबकि दूसरी ओर शहर में बड़ी मात्रा में बिक रही मिलावटी सामग्रियां शहरवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हुए उन्हें गंभीर बीमारियां दे रही हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बुधवार को की गई बड़ी कार्रवाई में मल्हारगंज इलाके में 1015 किलोग्राम नकली सांची घी जब्त किया गया। यह नकली घी छोगालाल श्याम ट्रेडर्स नामक प्रतिष्ठान से मिला, जो इसे बेचने की तैयारी में थे। जब्त घी की कीमत छह लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

सांची के अधिकारी को बुलाया

खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि सांची मिल्क यूनियन के अधिकारियों को बुलाया गया ताकि घी की प्रामाणिकता

की जांच की जा सके। अधिकारियों ने पुष्टि की कि एक किलो और 15 किलो के पैक में बेचा जा रहा सांची घी नकली है।

कार्रवाई के दौरान, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पांच नमूने एकत्र किए, जिनमें सांची और मेवाड़ घी शामिल थे। सांची मिल्क

यूनियन ने नकली घी बेचने वाले व्यापारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने का भी निर्णय लिया है।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/indore-indore-news-1015-kg-fake-ghee-seized-in-indore-eating-it-can-cause-diseases-8349465